सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-236
25/05/2017

मुख्यमंत्री ने नालंदा में आग से हुई बस दुर्घटना में मृत लोगों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है

पटना, 25 मई 2017 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने नालंदा जिला के हरनौत बाजार के निकट पटना से शेखपुरा जा रही बस में आग लगने के कारण एक बच्चा सहित आठ लोगों की मृत्यु पर गहरा शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने इस हादसे को अत्यंत दुखद बताया और इस हादसे में मृत लोगों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है एवं दुख की इस घड़ी में मृतक के शोक संतप्त परिजनों को धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

मुख्यमंत्री ने हादसे में मारे गये सभी मृतकों के परिजनों को 04–04 लाख रूपये अनुग्रह अनुदान देने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने हादसे में घायलों का निःशुल्क समुचित इलाज कराने का निर्देश दिया है। साथ ही उनके शीघ्र स्वस्थ होने की ईश्वर से कामना की है। मुख्यमंत्री ने आग लगने की घटना के कारणों की जॉच का भी आदेश दिया है।

******